# हिंदुजा समूह ने ईवी, ऊर्जा और बैंकिंग क्षेत्रों में निवेश को लेकर दिखाई रुचि




इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ हिंदुजा समूह के प्रतिनिधि व अन्य। -सूचना विभाग

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हिंदुजा समूह के साथ निवेश संवाद

## दो महीने में अशोक लीलैंड इकाई में शुरु होगा वाहनों का उत्पादन

लखनऊ। हिंदुजा समूह ने यूपी में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, संचार, नवीकरणीय ऊर्जा, बीमा और वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर रुचि दिखाई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में उच्चस्तरीय निवेश संवाद में हिंदुजा समूह के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरिष्ठ सलाहकार डॉ. एसके चड्ढा, गल्फ ऑयल के प्रबंध निदेशक रवि चावला और एचजीएस लिमिटेड के एमडी वाइसले फर्नांडिस ने किया। वहीं, समूह की कंपनियों इंडसइंड बैंक, इंडसइंड इंश्योरेंस, गल्फ ऑयल, हिंदुजा रिन्यूएबल्स, एनएक्सटीडिजिटल और अशोक लीलैंड ने अपनी योजनाओं को साझा किया।

अशोक लीलैंड लखनऊ में अपने ईवी बस विनिर्माण संयंत्र संयंत्र से दो महीनों में व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर सकता है। कंपनी ने भविष्य के विस्तार को देखते हुए अतिरिक्त जमीन मांगी है। वहीं, गल्फ ऑयल ने ईवी के अनुकूल लुब्रिकेंट तकनीक और एसी/डीसी चार्जर सहित एंड-टू-एंड ईवी चार्जिंग समाधान प्रस्तुत किए। कंपनी ने प्रदेश भर में मजबूत ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित करने में सहयोग का प्रस्ताव दिया।

हिंदुजा रिन्यूएबल्स ने 1,000 मेगावाट से अधिक परिचालन क्षमता और 2,450 मेगावाट निर्माणाधीन अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की जानकारी दी। इसमें झांसी में 600 मेगावाट और मिर्जापुर में 1,000 मेगावाट की सुखनई पंप स्टोरेज परियोजना प्रमुख है। इंडसइंड बैंक ने राज्य के 57 जिलों में 186 शाखाओं और 230 एटीएम के साथ अपनी पहुंच की जानकारी दी। एनएक्सटी डिजिटल ने नोएडा स्थित अत्याधुनिक ब्रॉडकास्ट हब, 700+ टीवी चैनलों और देश के चौथे सबसे बड़े निजी आईएसपी के रूप में हाईस्पीड इंटरनेट सेवा पहुंचाने की क्षमता प्रस्तुत की। ब्यूरो

# अशोक लीलैंड का ईवी बस संयंत्र दो माह में शुरू होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। हिंदुजा समूह ने यूपी में इलेक्ट्रिकल व्हीकल, ऊर्जा और बैंकिंग क्षेत्रों में निवेश करने की तैयारी में है। उसने यह भी ऐलान किया कि अशोक लेलैंड ने लखनऊ में अपने ईवी बस विनिर्माण संयंत्र का केवल 18 महीनों में परिचालन के लिए तैयार कर लिया। अब यहां के निर्माण सयंत्र में आगामी दो महीनों में व्यावसायिक उत्पादन हो सकता है। कंपनी ने भविष्य के विस्तार को देखते हुए लखनऊ में अतिरिक्त भूमि की मांग भी की।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में हिंदुजा समूह की कंपनियों के साथ उच्चस्तरीय निवेश संवाद में यह घोषणा की गई। विश्व की प्रमुख स्वतंत्र लुब्रिकेंट कंपनियों में से एक गल्फ ऑयल ने अपनी ईवी के अनुकूल लुब्रिकेंट तकनीक और एसी/डीसी चार्जर सहित एंड-टू-एंड ईवी चार्जिंग समाधान प्रस्तुत किए। कंपनी ने पूरे उत्तर प्रदेश में मजबूत ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित करने में सहयोग का प्रस्ताव भी रखा।

## कई अन्य कंपनियों ने योजनाएं प्रस्तुत कीं

बैठक में हिंदुजा रिन्यूएबल्स ने 1,000 मेगावॉट से अधिक परिचालन क्षमता की जानकारी दी। कंपनी ने राज्य में 3-4 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता विकसित करने की योजना साझा की। इंडसइंड बैंक ने राज्य के 57 जिलों में 186 शाखाओं और 230 एटीएम के साथ अपनी पहुंच का प्रदर्शन किया। एनएक्सटी डिजिटल ने नोएडा स्थित अपने अत्याधुनिक हब, 700+ टीवी चैनलों और हाई-स्पीड एफटीटीएच इंटरनेट सेवा पहुंचाने की क्षमता प्रस्तुत की।

# सितंबर में शुरू होगा अशोक लेलैंड का प्लांट, विस्तार के लिए मांगी और भूमि

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हिंदुजा समूह संग निवेश संवाद

- यूपी में ईवी, ऊर्जा और बैंकिंग में निवेश को लेकर दिखाई रुचि
- मुख्य सचिव मनोज सिंह की उपस्थिति में दिए कई प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : हिंदुजा समूह की कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ऊर्जा और बैंकिंग के क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई है। गुल्फ आयल ने ईवी के अनुकूल लुब्रिकेंट तकनीक और एसी व डीसी चार्जर सहित राज्य में ईवी चार्जिंग नेटवर्क में निवेश का प्रस्ताव इन्वेस्ट यूपी को दिया है।

बुधवार को इन्वेस्ट यूपी के कार्यालय में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में हिंदुजा समूह के साथ निवेश को लेकर हुए संवाद में हिंदुजा समूह के इंडसइंड बैंक, इंडसइंड इंश्योरेंस, गल्फ आयल, हिंदुजा रिन्यूएबल्स, एनएक्सटीडिजिटल और अशोक लेलैंड ने इलेक्ट्रिक वाहन, ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, संचार, नवीकरणीय ऊर्जा, बैंकिंग, बीमा और वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में निवेश के प्रस्ताव दिए हैं।

अशोक लेलैंड के प्रतिनिधियों ने कहा कि लखनऊ के सरोजनी नगर में स्थापित किए जा रहे प्लांट में दो माह में इलेक्ट्रिक बसों का निर्माण शुरू हो जाएगा। हिंदुजा समूह ने इस प्लांट को 18 महीने में शुरू करने का भरोसा राज्य सरकार को दिया था। इसका भूमि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले वर्ष 20 फरवरी को किया था। हिंदुजा के अधिकारियों ने प्लांट के विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि की मांग भी की है।



सरोजनीनगर में अशोक लेलैंड का प्लांट

### निर्माणाधीन अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की दी जानकारी



हिंदुजा रिन्यूएबल्स ने 1,000 मेगावाट से अधिक परिचालन क्षमता और 2,450 मेगावाट निर्माणाधीन अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की जानकारी इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों को दी। कंपनी ने राज्य में तीन से चार गीगावाट नवीकरणीय क्षमता विकसित करने की परियोजना साझा की। इसमें झांसी में 600 मेगावाट और मीरजापुर में 1,000 मेगावाट की सुखनई पंप्ड स्टोरेज परियोजना भी शामिल है। इंडसइंड बैंक ने सरकार के साथ मिलकर सेवाओं में विस्तार करने का प्रस्ताव दिया है। एनएक्सटी डिजिटल ने नोएडा स्थित अत्याधुनिक ब्राडकास्ट हब व 700 से ज्यादा टीवी चैनलों के सेवाओं का प्रस्तुतिकरण देकर इन सेवाओं को पूरे उत्तर प्रदेश में उपलब्ध कराने में रुचि दिखाई है। हिंदुजा समूह के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरिष्ठ सलाहकार डा . एसके चड्ढा, गल्फ आयल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ रवि चावला और एचजीएस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ वाइसले फर्नांडिस ने किया।